BIADA
BIHAR INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY

# बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार

प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गांधी मैदान, पटना–800004

Website www.biada1.bihar.gov.in, Email -biada-bih@gov.in Phone/ Fax : 0612-2675352/ 2675296/ 2675889

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -45/BIADA/2025-2026 वर्ष–2026

## समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से प्रतिशत दर/मद दर निविदा

(केवल ई–टेंडर पद्धति वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** के माध्यम से)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, गांधी मैदान के पूरब, पटना–4 |
| 2. | निविदा डाउनलॉड की तिथि एवं समय | :– | दि0–**19.02.2026** को पूर्वाह्न 10:00 बजे से (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 3. | प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | :– | दि0–**23.02.2026** को अपराह्न 3:00 बजे बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, गॉधी मैदान के पूरब, पटना–4 |
| 4. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दि0–**02.03.2026** को अपराह्न 5:00 बजे तक (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 5. | अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि एवं सभी शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | :– | दि0–**05.03.2026** को अपराह्न 3:00 तकनीकी शाखा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, गांधी मैदान के पूरब, पटना–4 |
| 6. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | :– | दि0–**05.03.2026** को अपराह्न 3:30 बजे |
| 7. | वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय | :– | तकनीकी बीड निष्पादन के पश्चात्। (On website https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 8. | निविदा वैद्यता की अवधि | – | **120** दिन |

9. **कार्य की विवरणी**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन की राशि रु0 (2%) | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 D.D. to BIADA | निविदा प्रक्रिया की राशि Online to BSEDC | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आद्योगिक प्रांगण धरमपुर (दरभंगा) में पथ निर्माण कार्य, ड्रेन निर्माण कार्य, जोखिम न्यूनीकरण सेल एवं चहारदीवारी निर्माण कार्य | **8,99,00,000/-** | **17,98,000/-** | **10,000/- + (GST 18%) Rs, 11,800/-** | As appears on https://eproc2.bihar.gov.in website | **6 माह** (Including Non Working Period) |
| 2 | औद्योगिक प्रांगण सहरसा में पथ निर्माण कार्य, ड्रेन निर्माण कार्य, जोखिम न्यूनीकरण सेल एवं सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन कार्य | **9,15,00,000/-** | **18,30,000/-** | **10,000/- + (GST 18%) Rs, 11,800/-** | As appears on https://eproc2.bihar.gov.in website | **6 माह** (Including Non Working Period) |
| 3 | औद्योगिक प्रांगण मुरलीगंज (मधेपुरा) में पथ निर्माण कार्य, ड्रेन निर्माण कार्य, जोखिम न्यूनीकरण सेल एवं सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन कार्य | **8,99,00,000/-** | **17,98,000/-** | **10,000/- + (GST 18%) Rs, 11,800/-** | As appears on https://eproc2.bihar.gov.in website | **6 माह** (Including Non Working Period) |

नियम एवं शर्तेः–

**10.** संवेदकों को निविदा के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य हैः–
क–आयकर पैन कार्ड।
ख–जी0 एस0 टी0 निबंधन प्रमाण पत्र।
ग–चरित्र प्रमाण पत्र। इच्छुक निविदादाता द्वारा विद्युत लाईसेंस दिया जाना अनिवार्य होगा।

**11.** कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में समुचित श्रेणी में निबंधित हों, निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु इस प्राधिकार में रजिस्ट्रेशन कराना उक्त कार्य का लेटर ऑफ एक्सेप्टेन्स (LOA) प्राप्त होने के बाद अनिवार्य होगा।

**12.** अन्य विवरणी प्राधिकार के वेबसाइट https://biada1.bihar.gov.in/ सूचना एवं जन–संपर्क विभाग के वेबसाइट www.prdbihar.gov.in अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर निविदा आमंत्रण सूचना (NIT) में देखी जा सकती है या अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

**13.** प्राधिकार को बिना कारण बताये निविदा के अवधि विस्तार अथवा पूर्णरूपेण रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। ऐसी कार्रवाई की सूचना प्राधिकार के वेबसाइट https://biada1.bihar.gov.in// पर देखी जा सकती है। निविदा रद्द होने की स्थिति में संवेदक का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

अन्य शर्तें:–

1. निम्नलिखित संवेदक निविदा के तकनीकी बीड में असफल माने जायेंगे–
   (a) डिबार, निलंबित या काली सूची में नामित।
   (b) जिनके पास एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि के पश्चात् अकारण कार्य लंबित हो।
   (c) जो संवेदक कार्य आवंटन के बाद एकरारनामा कर लिए हो, परन्तु कार्य अकारण प्रारम्भ नहीं किये हों।
2. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट https://eproc2.bihar.gov.in/ पर निष्पादित किया जाएगा। इच्छुक निविदादाता को सर्विस प्रोवाइडर के साथ रजिस्टर्ड होना होगा ताकि वेबसाइट https://eproc2.bihar.gov.in/ के माध्यम से निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकें। टॉल फ्री नम्बर 18005726571 एवं email id eproc2support@bihar.gov.in पर कार्य दिवस अवधि (8 AM से 7 PM) में विशेष जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
3. **सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।**
4. (i) e-tendering/e-procurement प्रणाली की निविदा हेतु बीड प्रोसेसिंग शुल्क एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) का भुगतान Online Mode (e-payment mode) यानि Internet Payment Gateway (Credit/Debit Card), NET/ NEFT/RTGS द्वारा किया जाना अनिवार्य है।
   (ii) "Bids along with necessary online payment must be submitted through e-procurement Portal https://eproc2.bihar.gov.in/ before the date and time of submission mentioned in the NIT/ Corrigendum. The department does't take any responsibility for the delay/non submission of Tender/non Reconciliation of online payment caused due to non availability of Internet Connection, Network Trafic/Holiday or any other reasons."
5. अग्रधन (Earnest Money Deposit) की राशि **Bihar Industrial Area Development Authority, Patna** के नाम से Bank Guarantee (Issued from govt./Scheduled Bank) अथवा Internet Banking/Internet Payment Gateway (IPG) के रूप में मान्य होगा। Bank Guarantee की मूल प्रति अथवा Internet Banking/Internet Payment Gateway (IPG) द्वारा भुगतान की गई राशि का प्रमाण अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना, पिन–800004 के तकनीकी शाखा में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा संवेदक निविदा में अयोग्य होंगे। यदि बिहार राज्य के बाहर के बैंक से निर्गत बैंक गारन्टी दी जाती है तो एकरारनामा के पूर्व इसे बिहार अवस्थित किसी बैंक से निर्गत किया जाना अनिवार्य होगा।
6. The bidder has to submit the email ID & Mobile No of the concerned person of the Bank/Financial Institution from which they has procured B.G. for EMD so that the verification of the same shuld be done immediately.
7. The bidder has to provide their Whatsapp enabled mobile no. & email ID so that they may be contacted immediately in case of any query.
8. संवेदक परिमाण विपत्र, Technical Bid Sheet & Financial Bid Sheet etc. सिर्फ https://eproc2.bihar.gov.in से प्राप्त करने के उपरान्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रोनिक निविदा पत्र को भर कर अपलोड करेंगे। बीड शीट में किसी प्रकार का परिवर्त्तन मान्य नहीं है और ऐसा करने पर संवेदक अयोग्य होंगे। अन्य सभी कागजात या अग्रधन की राशि, सभी प्रमाण पत्र जो निविदा के लिए आवश्यक है, को स्कैन कर ई–निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है। **निविदा के साथ संवेदक द्वारा संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों पर संबंधित संवेदक का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।**
9. Before uploading tenders, bidders are advised to go through the General Conditions, Special Conditions and conditions of the SBD/ F2 & NIT uploaded with the tender document.
10. संवेदक मूल कागजातों को स्कैन कर अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रम अंकित करेंगे ताकि किसी खास कागजात को क्रमांक संख्या/पृष्ठ संख्या के आधार पर शीघ्र खोजा जा सके। सभी प्रलेख PDF M.S. Office (Compatibility Mode), JPEG, ZIP Format में ही Upload किया जाय अन्य Format में Upload Document के Download/Open नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।
11. संवेदक स्कैन कर अपलोड किये गये कागजातों की Download एवं Visibility से पूर्णरुपेण संतुष्ट हो लेंगे। संलग्न कागजात अपठनीय या अस्पष्ट रहने की स्थिति में उस कागजात पर विचार नहीं किया जायेगा।
12. इंटरनेट सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि/व्यवधान होने के संबंध में संवेदक का कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि अपने निविदा को समय रहते उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड कर लें। ताकि अंतिम समय में होनेवाले किसी प्रकार के व्यवधान से बच सकें।
13. निम्नलिखित आशय का शपथ पत्र कार्यपालक दंडाधिकारी/नोटरी द्वारा निर्गत हो, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना के तकनीकी शाखा में जमा करना अनिवार्य होगा –
   (क) मेरे/हमारे विरुद्ध किसी प्रकार का आपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।
   (ख) मुझे/हमें किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा वंचित (Debar), निलंबित और काली सूची (Black list) में नामित नहीं किया गया है।
   (ग) मेरा/हमारा कोई निकटतम संबंधी (अभिप्रेत है पति/पत्नी, माता/पिता, भाई/बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार में कनीय अभियंता/प्रबंधक (तकनीकी)/ उपमहाप्रबंधक (तकनीकी), / उपमहाप्रबंधक (वित्त)/लेखापाल इत्यादि के रुप में कार्यरत नहीं है।
   (घ) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण–पत्र, कागजात, विवरणी सत्य है।
   (ङ.) उपर्युक्त कंडिका 'क', 'ख' एवं 'ग' में गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा कंडिका 'घ' में से कोई अभिलेख असत्य, नकली, जाली पाये जाने पर सक्षम प्राधिकार मेरे ऊपर विधि सम्मत दण्ड, मेरे निबंधन को काली सूची में दर्ज करने, के लिए स्वतत्र होंगे।
14. सभी तरह का शपथ पत्र कार्यपालक दंडाधिकारी/नोटरी द्वारा निर्गत हो एवं निविदा निर्गत होने की तिथि के बाद का ही मान्य होगा जिसे निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है अन्यथा उनके निविदा को अमान्य कर दिया जायेगा।

15. अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार के पत्रांक 29 दिनांक 25.01.2021 के आलोक में निविदा में भाग लेने हेतु सक्षम प्राधिकार से निर्गत वैध चरित्र प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
16. प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट बढ़ सकती है। फाइनेंसियल बीड के अभिलेख में अंकित प्राक्कलित राशि के अनुसार ही अग्रधन/परिमाण विपत्र की राशि मान्य होगी।
17. इस कार्य का Defect Liability Period कार्य समाप्ति की तिथि से तीन वर्ष का होगा।
18. इस निविदा से संबंधित Corrigendum/Addendum प्राधिकार के बेवसाइट https://biada1.bihar.gov.in// एवं https://eproc2.bihar.gov.in/ पर ही देखा जाएगा।
19. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का Clearification प्री–बीड मीटिंग में ही discuss होगा। प्री–बीड मीटिंग का निर्णय https://biada1.bihar.gov.in// एवं https://eproc2.bihar.gov.in/ पर upload किया जाएगा।
20. निविदादाताओं को निविदा डालने के पूर्व कार्य, कार्य स्थल, प्राक्कलन एवं क्वैरी साइट इत्यादि की स्थिति एवं निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता से पूर्णरूप से संतुष्ट होने का परामर्श दिया जाता है और यह माना जाएगा कि उक्त स्थितियों से अवगत होकर ही आपके द्वारा निविदा में भाग लिया गया है। बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
21. यदि किसी कारणवश अग्रधन एवं अन्य कागजात जमा करने की तिथि को अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस को पूर्व के नियत समय तक उक्त निविदा कागजात प्राप्त किया जायेगा और नियत समय पर निविदा खोली जायेगी।
22. निविदा का निष्पादन सरकार और प्राधिकार के अद्यतन निदेशों एवं परिपत्रों के आलोक में किया जाएगा।
23. तकनीकी बिड में कई सफल निविदादाताओं की समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में कार्य का आवंटन बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता के आलोक में लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।
24. परिमाण विपत्र की दर से कम दर अंकित करने वाले निविदादाताओं को एकरारनामा के साथ पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक – प्र0–6/1/ द0 बी0–03–08/2006(अंश), 448(S) ई0 पटना, दिनांक 16.01.2020 के आधार पर वर्णित दर से Additional Performance Guarantee देय होगा –
    (a) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाली निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए ली जाय।
    (b) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 15 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाली निविदा के लिए 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए ली जाय।
    (c) परिमाण विपत्र की दर से 15 से 20 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाली निविदा के लिए 01 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए ली जाय।
    (d) परिमाण विपत्र की दर से 20 प्रतिशत से ऊपर कम उद्धृत दर वाली निविदा के लिए 02 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए ली जाय।
25. As per RCD letter no. 7435 (s) dated 14.08.2019, "S.B.D. Contract Clause-25 Settlement of Disputes and Arbitration Shall be treated as- The settlement of Disputes and Arbitration shall be done in accordance with the provisions made in Bihar Public Works Contract Disputes Arbitration Tribunal Act, 2008".
26. कार्यावंटन के पश्चात् बिहार सरकार द्वारा जारी संकल्प एवं परिपत्रों में दिये गये निर्देशों का निर्माण कार्य में पालन करना अनिवार्य होगा।
27. कार्य आवंटन और एकरारनामा के उपरांत प्रगति समय के समानुपातिक नहीं होने की स्थिति में संवेदक Debar हो सकते हैं।
28. यह निविदा आमंत्रण सूचना एकरारनामा का अंश होगी।
29. कार्य का भुगतान, निधि की उपलब्धता के पश्चात किया जायेगा। विलंब से भुगतान होने की स्थिति में किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
30. बिहार भवन एवं सन्निमार्ग कर्मकार बोर्ड के मद में संवेदक के प्रत्येक विपत्र से 1% (एक प्रतिशत) राशि लेबर सेस के रुप में देय होगी, जो विपत्र से काट ली जायेगी।
31. बिहार सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये निदेश के आलोक में जी0एस0टी/स्वामित्व/मालिकाना फीस इत्यादि की कटौती की जायेगी।
32. The charge for advocate welfare fund has been changed to Rs. 25 from Rs. 15 (Stamp charge for oath other wise tender will not be valid as per recent Government order.
33. In the event of any dispute the legal matter shall be subject to the jurisdiction of patna court only.
34. निविदा की विस्तृत शर्त्तों एवं आवश्यक सूचना उपमहाप्रबंधक (तकनीकी), बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना के कार्यालय में कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है तथा कार्यालय के सूचना पट्ट एवं बेवसाईट https://biada1.bihar.gov.in/ एवं वेबसाइट https://eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है तथा ई–टेंडरिंग की प्रक्रिया से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी/सूचना हेतु सहायता कक्ष E-Procurement Helpdesk Address: Mjunction services limited, RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S. - Shastri Nagar, Patna 800 014, Bihar, Toll Free Number: 1800 572 6571 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–

उप–महाप्रबंधक, तकनीकी
बियाडा, पटना।

ज्ञापांक:– 686/Tech

दिनांक: 11.02.26

प्रतिलिपि :– कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बियाडा, पटना को सूचनार्थ प्रेषित/प्राधिकार के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किये जाने हेतु प्रेषित/आई0 टी0 शाखा, बियाडा पटना को प्राधिकार के बेब साईट पर प्रकाशित किये जाने हेतु प्रेषित/प्रबंध निदेशक कोषांग, बियाडा पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

11/2/2026

उप–महाप्रबंधक, तकनीकी